Page.
Date

Q5) प्रतिभाशाली का क्या अर्थ है?

A जिन व्यक्तियों की बुद्धि लब्धि 130 से अधिक होती है उन्हें बौद्धिक रूप से प्रतिभाशाली कहा जाता है।

Q6) बुद्धि के Pass Model को किसने प्रतिपादित किया था?

Ans जे० पी० दास, नगलीरी एवं किर्बी।

Q7) बुद्धि लब्धि क्या है? इसे कैसे ज्ञात किया जाता है?

Ans बुद्धि लब्धि एक आनुपातिक राशि है, जिससे किसी व्यक्ति की बुद्धि का उसकी उम्र के दूसरों की बुद्धि से तुलनात्मक विवेचन किया जाता है। इसे ज्ञात करने के लिए मानसिक आयु को वास्तविक आयु से भाग देकर 100 से गुणा किया जाता है।

$$\frac{MA}{CA} \times 100$$

Q8) बुद्धि परीक्षण कितने प्रकार के होते हैं?

A बुद्धि परीक्षण दो प्रकार के होते हैं।

(1) शाब्दिक बुद्धि परीक्षण (2) अशाब्दिक बुद्धि परीक्षण

लेकिन इन दोनों के अलावा भी

Page
Date

बुद्धि परीक्षण पायी जाती है।

① वैयक्तिक बुद्धि परीक्षण !

② सामूहिक बुद्धि परीक्षण !

Q9) हम चुनौती ग्रस्त बालक किसे कहेंगे,
अथवा
मानसिक मंदता क्या है?

Ans चुनौतीग्रस्त बालक अल्प बुद्धि या मानसिक रूप से मंद व्यक्ति को उस वर्ग मे रखा जाता है जिनका I.Q level 70 से नीचे होता है।

Q10) मूल्य शब्द का क्या अर्थ है,

Ans मूल्य आदर्श व्यवहारो के सबंध मे व्यक्ति के स्थायी विश्वास होते हैं, व्यक्ति के मूल्य उसके जीवन मे व्यवहार के लिए एक मानक निर्धारित करते है और उन्हे निर्देशित करते है।

Scanned by CamScanner

Intelligence Psychology

Page
Date 7/4/2020

Ch-1

Q1) बुद्धि के पर्यायवाची शब्दों का उल्लेख करें।

Ans क्षमता, चातुर्य, तीक्ष्णता, विवेचन, प्रतिभा, अभिक्षमता।

Q2) बुद्धि किसे कहते हैं,

A बुद्धि व्यक्ति की शक्तियों का वह समुच्चय है जिससे वह उद्देश्यपूर्ण क्रिया, विवेकशील चिन्तन और पर्यावरण में प्रभावपूर्ण समायोजन करता है। बुद्धि को किसी एक क्षमता के आधार पर नहीं समझा जा सकता है।

Q3) तार्किक -गणितीय बुद्धि से क्या समझाते हैं,

Ans गार्डनर के अनुसार तार्किक -गणितीय बुद्धि आंकिक समस्याओं से सम्मिलित अमूर्त रूप से तर्क तथा प्रतीकों के उपयोग से संबंधित है। इसका प्रदर्शन वैज्ञानिक कार्यों में होता है।

Q4) वेश्लर के अनुसार बुद्धि की परिभाषा दें।

A तर्क युक्त चिन्तन करने, उद्देश्य पूर्ण कार्य करने तथा किसी भी वातावरण में समायोजन करने की क्षमता को बुद्धि कहते हैं।

Scanned by CamScanner